हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 13 दिसंबर 2023

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 बैंक के बाहर फायरिंग कर बैंककर्मी से लूट के...



07 विधायक के निर्देश पर शीघ्र प्रांरभ होगा केथन डेम...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2860 | 4421 |
| गेहूं 1544 | 2330 | 3097 |
| चना | 4800 | 5810 |
| मसूर | 5000 | 5750 |
| सोयाबीन | 4000 | 4932 |
| सरसों | 5000 | 6120 |
| धान | 1800 | 4410 |
| अलसी | 4660 | 4910 |
| तेवड़ा | 4500 | 4500 |
| मक्का | 0000 | 0000 |
| उड़द | 5000 | 5660 |

## खबर संक्षेप

### जनपद स्तरीय समितियों का गठन किया गया

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के व्यवधान न आएं इसके लिए प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर एक-एक जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन करने के आदेश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर ने बताया की हरेक जनपद पंचायत स्तरीय क्रियान्वयन समिति का अध्यक्ष स्थानीय एसडीएम होंगे जबकि समिति का सदस्य सचिव संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ होंगे। इसके अलावा समिति में 16 सदस्य भी समिति में शामिल किए गए हैं।

### पेयजल आरक्षित करने के निर्देश दिए

**विदिशा।** इस साल कम बारिश को देखते हुए पानी को आरक्षित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है की गर्मी के दौरान संकट स्थिति निर्मित न हो इसके लिए जिले के सगड़ बाह परियोजना एवं कोठा बैराज परियोजना में पेयजल संरक्षित करने के आदिश परियोजना के कार्यपालन यंत्री व परियोजना प्रशासक को जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है की सगड़ बाह परियोजना से बासौदा शहरी क्षेत्र के लिए तथा कोठा बैराज से कुरवाई शहरी क्षेत्र के लिए पेयजल आरक्षित रखा जाए।

### 5100 की राशि व एक ट्राली भूसा दान किया



**विदिशा।** ग्यारसपुर के तरफदार परिवार ने ग्यारसपुर निस्वार्थ गौ सेवा समिति पहुंचकर गौ ग्रास के लिए 5100 रुपए की राशि एवं एक ट्राली भूसा दिया। निस्वार्थ गौ सेवा समिति लगातार तीन माह से संचालित की जा रही है। जिसमें एक्सीडेंटल गौ माता का उपचार किया जाता है। गौशाला में ग्यारसपुर के सेवा भावी लोग आगे आकर दान राशि भेंट कर रहे हैं। मासिक सदस्यों के द्वारा भी राशि प्रत्येक माह राशि दी जाती है। जिससे सुचारू रूप से गौ माता की सेवा की जा रही है। तरफदार परिवार के गजेंद्र सिंह रघुवंशी के पुत्र स्वदीप निशा रघुवंशी, पूर्व जनपद सदस्य ग्यारसपुर की पुत्री वैभवी के जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने गौशाला पहुंचकर राशि और भूसा दान किया।

### मैराथन में शामिल होकर दिया जागरुकता संदेश



**विदिशा।** भोपाल रन मैराथन में विदिशा रनर ग्रुप के करीब 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दौड़ में निर्धारित समय में पहुंचकर मेडल विनर का पुरस्कार प्राप्त किया। विदिशा में पुलिस विभाग में कार्यरत भानु दुबे ने अपने परिवार के साथ नियमित रनिंग और एक्सरसाइज करते आ रहे हैं जो भोपाल रन भोपाल में अपनी पत्नी संगीता दुबे और बेटा दिवाकर दुबे के साथ शामिल हुए। संगीता दुबे और दिवाकर दुबे ने 5 किलोमीटर दौड़ 45 मिनट में समाप्त की। भानू दुबे, मनिंदर सिंह संधू ने अपनी दौड़ 10 किलोमीटर 65 मिनट में समाप्त की है।

## दो लाख वाहनों में से मात्र 38 हजार 248 वाहनों में ही यह नंबर प्लेट

# 15 तक लगवाना होगा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, इसके बाद होगी कार्रवाई

मोटरयान नियमों के अनुसार समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जाना आवश्यक है। जिसके पालन में प्रदेश में पूर्व में लिंक उत्सव कंपनी द्वारा वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए अधिकृत किया गया था। परंतु 2014 में कंपनी का अनुबंध निरस्त किए जाने के कारण प्रदेश में वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने का कार्य नहीं किया जा पा रहा था, लेकिन फिर से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट को अनिवार्य किया गया है।

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 2019 में किया था अनिवार्य

चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच पुलिस उन वाहनों को ट्रेस नहीं कर पाती है। जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ही हाईकोर्ट के निर्देश पर परिवहन विभाग ने 2019 के पहले के सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य कर दिया है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट यानी (एचएसआरपी) वाहनों की चोरी दुर्घटना के वक्त सुरक्षा-पहचान की पुष्टि करती है और साथ ही बाहरी राज्यों में वाहन चालकों को पुलिस के चालान से भी बचाती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एलुमिनियम से बना होता है जिस पर क्रोमियम का एक होलोग्राम स्टीकर की तरह दिखाई देता है। जिसके अंदर वाहन की सारी जानकारी होती है। साथ ही चोर इस नंबर प्लेट की कॉपी नहीं कर सकते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

केन्द्र सरकार द्वारा सन 2019 में बनाये गए नियमों के अनुसार एक अप्रैल 2019 के बाद बेचे गए वाहनों में डीलर द्वारा ही तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है।

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग द्वारा जारी ओदश अनुसार एक अप्रैल 2019 के पूर्व विक्रित वाहनों में भी एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए संबंधित डीलर वाहन निर्माता को अधिकृत किया गया है। जिसके पालन में परिवहन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी लगाए जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिसके तहत वाहन स्वामी सियाम (सोसायटी आफ इण्डियन आटोमोबाइल्स मन्यूफैक्चरर्स) के पोर्टल www.bookmyh-srp.com पर ऑनलाइन अथवा संबंधित वाहन विक्रेता के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जहां पर वाहन की श्रेणी के अनुसार निर्धारित शुल्क 500 रुपए से 1 हजार रुपए तक ऑनलाइन ही जमा करना होगा तथा अपनी सुविधा के अनुसार एचएसआरपी लगवाने के लिए नजदीकी डीलर का चुनाव एवं समय प्राप्त करना होता है। आवेदक को एसएमएस के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर निर्धारित समय पर डीलर के पास वाहन ले जाकर एचएसआरपी लगवाई जा सकती है।

उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में समस्त वाहनों पर छह माह में अनिवार्य रूप से एचएसआरपी लगाए जाने की कार्यवाही पूर्ण की जानी है। जिसके पालन में परिवहन आयुक्त द्वारा 15 दिसंबर के बाद वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगे होने पर उनके विरूद्ध चालानी एवं दण्डात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है। विदिशा जिले में एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग दो लाख है। जिनमें से मात्र 38 हजार 248 वाहनों में ही एचएसआरपी लगाई गई है।

चालानी एवं दण्डात्मक कार्रवाई तथा अंतिम समय में भीड़ से बचने के लिए जिले के समस्त वाहन स्वामियों से अनुरोध किया गया है कि जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगी है उनपर उपरोक्त प्रक्रिया का पालन कर अतिशीघ्र हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाया जाना सुनिश्चित करें।

## अतिथि शिक्षकों को हटाने का आदेश, निरस्त करने की मांग



विदिशा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिथि शिक्षकों ने दिया ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा


जिले के अतिथि शिक्षकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया। अतिथि शिक्षकों ने बताया कि शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है उसके मुताबिक, बैगर बीएड और डीएड किए हुए शिक्षकों को अतिथि शिक्षक के रूप में पढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिथि शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी के इस आदेश को निरस्त करने की मांग की है। अतिथि शिक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि अतिथि शिक्षक 10-12 सालों से काम कर रहे हैं। उन्हें निकाला जा रहा है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि सरकार हमें समय दें, जिससे हम बी. एड और डी. एड कर सकें। जिससे हमें बाहर नहीं निकाला जाए। जिले में कम से कम दो से ढाई हजार अतिथि शिक्षक हैं। ऐसे में अगर हमें बाहर निकाल दिया गया तो हम पर आर्थिक संकट आ जाएगा।

### गुनगुन मालवीय का नेशनल टीम में चयन

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विदिशा की बेटी गुनगुन मालवीय पिता जसवंत सिंह मालवीय का चयन नेशनल सेस्टोबॉल टीम में हुआ है। प्रदेश में मालवीय समाज की पहली बेटी ने यह मुकाम हासिल किया है। गुनगुन मध्यप्रदेश सेस्टोबाल टीम से खेलेंगी। 15 से 17 दिसंबर के बीच वह अपना प्रदर्शन देश भगत कॉलेज धुरी पंजाब में करेंगी। बता दे की बेटी गुनगुन सेम विश्वविद्यालय भोपाल में लॉ की प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। नेशनल टीम में चयन होने पर सेम विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हे बधाई दी है।

## ओलम्पस हाई के राजेंद्र और प्रिंस ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



नगर के ओलम्पस हाई स्कूल के विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय एथलेटिक्स में चयन हुआ था और विद्यार्थी मुरैना में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स अंडर 14 बालक प्रतियोगिता में विगत दिनों गए और वहां उच्चतम प्रदर्शन किया। ओलम्पस हाई के राजेंद्र कुशवाह का चयन 100 मीटर दौड़ और प्रिंस धमोनिया का चयन 80 मीटर हर्डल दौड़ में हुआ था। राजेंद्र ने रीले दौड़ में भी चयनित था। दोनों ही विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपनी-अपनी दौड़ में चतुर्थ और पांचवे स्थान पर रहे। बच्चों की इस सफलता पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी व प्रचार्या प्राची रघुवंशी ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दीं।

## व्हाट्सएप पर छुट्टी का आवेदन डालना पड़ा महंगा, स्कूल प्रभारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

खबर का असर

हैदरगढ़ संकुल के अंतर्गत सेमरा टप्पा एकीकृत माध्यमिक शाला सोमवार को बंद पाई गई थी। स्कूल बंद होने की खबर प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को जिले से एपीसी दिनेश विश्वकर्मा, बीआरसी संजय श्रीवास्तव, जन शिक्षक अमर सिंह दांगी ने स्कूल पहुंचकर जांच की। ग्रामीणों को बुलाकर पंचनामा बनाया गया। जिसमें पाया गया कि स्कूल की प्रभारी मंजू सोनी द्वारा लापरवाही बरती गई है। उन्होंने व्हाट्सएप पर छुट्टी का आवेदन भेजा था जो कि संकुल केंद्र प्रभारी द्वारा मान्य नहीं किया गया था। एपीसी ने बताया की मौके पर जाकर जांच की गई। गांव वालों एवं स्कूल के बच्चों के अभिभावकों ने भी बताया है कि स्कूल सोमवार को बंद था जिसके चलते प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा। इस लापरवाही शाला प्रभारी पर कार्रवाई के लिए लिखा जा रहा है। जिससे कोई भी शाला प्रभारी या शिक्षक खिलवाड़ न कर सके। मंगलवार को सेमरा टप्पा एकीकृत माध्यमिक शाला दोपहर 12:30 बजे के बाद ही खुला जब जांच दल पहुंचा।



हैदरगढ़। स्कूल पहुंचकर अधिकारियों ने छात्रों से ली जानकारी।

## हत्या के आरोपी उम्रभर सलाखों के पीछे ही रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मारपीट कर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी सीताराम कुशवाह, निरंजन सिंह कुशवाह व सुशीला बाई कुशवाह निवासी ग्राम घोंसुआ ताल पथरिया ने एक व्यक्ति को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। प्रकरण में पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी विशेष लोक अभियोजक जेएस तोमर तथा साकेत गोयल सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

फरियादी अजमेरा द्वारा थाना पथरिया को आवेदन दिया गया कि 10 मई 2020 को शाम 8.30 बजे फरियादी अजमेरा गांव के दुकान पर बल्ब लेने गया था। जब वापस आया तो उसने देखा कि हनुमान मंदिर के पास आरोपियों ने हाथ, डंडा, लाठी व फरसा से उसके छोटे, भाई बादल से मारपीट कर रहे थे। फरियादी डर के कारण उसे बचाने नहीं गया नहीं तो वे लोग उससे भी मारपीट करते। फिर वह घर आकर अपने भाई करतार को लेकर अपने भाई बादल को बचाने झोरे में गया तो बादल वहां पर नहीं था। फिर उसे पता चला कि उसका भाई रोड पर पड़ा है। जिसे आरोपी कमलेश की दुकान के सामने रोड पर छोड़कर चले गए। बादल को सिरोंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरा उसकी मौत हो गई। आरोपी से पुरानी रंजिश के चलते उनके द्वारा बादल की हत्या की गई थी। थाने में विवेचना के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

## किसान सीताराम की हार्ट अटैक से हुई मौत, अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे विधायक टंडन, परिवार को बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



सोमवार शाम को गुलाबगंज के समीप ग्राम मुंगवारा के भाजपा कार्यकर्ता सीताराम कुशवाह की हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। जिसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधाने विदिशा विधायक मुकेश टंडन को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मुंगवारा भेजा। ग्राम मुंगवारा पहुंचकर विधायक मुकेश टंडन ने पुष्पचक्र अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोकसभा को संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमेन श्यामसुंदर शर्मा ने दिवंगत सीताराम कुशवाह को भाजपा का एक सच्चा सिपाही बताया। उनकी अंतिम यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता अटल तिवारी, गुलाबगंज मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग, ग्यारसपुर जपं अध्यक्ष बृजेश लोधी, मुकेश चौकसे, सचिन यादव आदि मौजूद रहे।

### निकाय क्षेत्रों में समितियों का गठन

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए जारी निर्देशों के अनुपालन में नगरपालिका स्तर पर एक-एक समिति गठित करने के आदेश जारी कर दिए है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा जारी समिति गठन आदेश में उल्लेख है कि कलेक्टर स्वंय समिति के अध्यक्ष होंगे वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा समिति में अन्य 17 सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

## रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बाल विवाह रोकथाम के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय से किशोर सशक्तिकरण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक जिले के सभी विकासखंडों में भ्रमण करेगा। यह रथ जागरूकता को लेकर विभिन्न तरह के संदेशों से युक्त पम्पलेट, बैनर और बाल संरक्षण और बाल विवाह रोकथाम से संबंधित गीतों एवं संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएगा। जागरूकता रथ पहले दिन विदिशा शहरी क्षेत्रों में इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों भ्रमण करेगा। विदिशा में भ्रमण करने के बाद यह रथ गंज बासौदा, ग्यारसपुर, त्योंदा इत्यादि विकासखंडों में भ्रमण करेगा। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सहायक संचालक आकांशा मरावी, जिला समन्वयक अरविन्द मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष रघुवंशी सहित विभागीय अमला मौजूद रहा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता एवं डिप्टी कलेक्टर अवनीश मिश्रा समेत महिला एवं बाल विकास अधिकारी भरत सिंह राजपूत और सहायक संचालक विवेक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया है।



## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# दिव्यांग बच्चों ने लगाई दौड़: रंगोली, चित्रकला, चम्मच और कुर्सी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विकासखंड की शालाओं में पढ़ने वाले 30 से अधिक दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। दिव्यांग बच्चों के लिए 50 मीटर दौड़, रंगोली, चित्रकला, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, भाषण, गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़ प्रतियोगिता में अजय दरोई प्रथम रहे। उमेश लोधी द्वितीय, शोएब द्वितीय स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ में प्रथम अजय दारोई द्वितीय उमेश लोधी, तृतीय कृष्णा रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीताबाई, द्वितीय स्थान कीर्ति अहिरवार ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी बच्चों के अभिभावकों एवं बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार लगातार दिव्यांग जनों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रहीं हैं। उन योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा के द्वारा भी बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम में अमर सिंह रघुवंशी, रघुवीर सिंह ठाकुर, रवि रघुवंशी बीआरसी संजय श्रीवास्तव बीएसी प्रताप सिंह कुशवाहा, देवेंद्र शर्मा, जन शिक्षक संतोष सेन, प्रीति मोदी राम शंकर सोनी, राजेश वैष्णव, अवधेश कुर्मी, अमर सिंह दांगी, राकेश तिवारी, अभय मालवीय कार्यक्रम के अंत में रूपेश मालवीय के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।




## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर डाक कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

### विदिशा जिले के 500 कर्मचारियों ने बंद किया काम

**विदिशा।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। डाक कर्मचारियों की हड़ताल से गांवों में डाक वितरण, डाक बुकिंग, मनी ऑर्डर वितरण और डाक घर जमा-निकासी प्रभावित रहीं।

डाक कर्मचारी के प्रांतीय सचिव सत्य नारायण दुबे ने बताया कि मंगलवार से ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू कर दी है। इसमें विदिशा संभाग के 500 कर्मचारी हड़ताल में शामिल है। ग्रामीण डाक कर्मचारी और ग्रामीण डाक सेवकों को 8 घंटे काम और पेंशन के सभी लाभ दिए जाए। इसके अलावा 12, 24 और 36 साल की सेवा पूरी करने पर तीन समयबद्ध वित्तीय उन्नयन दिया जाए। ग्रेच्युटी पर अधिकतम राशि डेढ़ लाख की सीमा को हटाकर अधिकतम राशि 5 लाख बहाल की जाए। चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, अप्रयुक्त छुट्टियों को 180 दिनों तक आगे बढ़ाने की सुविधा दी जाए। इसके अलावा हर साल 30 दिनों की छुट्टी मंजूर की जाए। समूह बीमा को 5 लाख रुपए तक बढ़ाया जाए।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनेगा गीता जयंती महोत्सव

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष गीता जयंती महोत्सव 19 से 23 दिसम्बर तक स्थानीय शीतला शक्ति धाम परिसर में देवेन्द्र वर्मा द्वारा अपने माता एवं पिता की स्मृति में आयोजित है। जिसमें प्रवचन हेतु मध्यप्रदेश स्कान प्रमुख श्रीपाद माधव कुमार दास प्रभु इंदौर से पधार रहे हैं। जो गीता ज्ञान को मानव जीवन में उपयोगी बनाने में प्रकाश डालेगें। सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में गीता के ज्ञान को आत्मसात कर जीवन सफल बनाने हेतु इष्टमित्रों सहित सहपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### हरप्रसाद विश्वकर्मा का निधन



**गंजबासौदा।** अनंत सिंह विश्वकर्मा पंचायत सचिव, स्व. भागचंद एवं उमाशंकर विश्वकर्मा के पिताजी एवं रुपेश राजीव, राज, गोविंद, प्रज्ञान के दादा हरप्रसाद विश्वकर्मा का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा मॉडल पब्लिक स्कूल के पीछे इमली चौराहा बेहलोट बायपास से मंगलवार को सुबह बेहलोट बायपस मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बारह मिलियन बच्चों को कराया पुनः प्रवेश



**गंजबासौदा।** ग्राम डिड़ोली मे विश्व यूनिसेफ दिवस के अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वर्षा शर्मा पटवारी, शाला प्रभारी केशव प्रसाद नायक, विजय राठौर, चेतन कुमार सक्सेना, सुमित रघुवंशी, हजारी लाल पाटस्कर, समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि यूनिसेफ द्वारा बारह मिलियन बच्चे जो शिक्षा से वंचित रह गये थे। उन्हे पुनः प्रवेश कराया गया। 11 दिसम्बर 1946 को यूनिसेफ का गठन किया गया। जिसमें 190 से अधिक देशों ने यूनीसेफ और फाउन्डेशन बच्चों के हित में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विजय राठौर दारा किया गया एंव आभार शिक्षक केशव प्रसाद नायक द्वारा व्यक्त किया गया।

### पुलिस ने 10 हजार की ईनामी अंतरराज्यीय गैंग को किया गिरफ्तार

# बैंक के बाहर फायरिंग कर बैंककर्मी से लूट के प्रयास के आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत माह स्टेशन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने फायरिंग कर बैंककर्मी से लूट के प्रयास की घटना में शामिल आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों को राजस्थान पुलिस ने एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया था, जहां से स्थानीय पुलिस उन्हें प्रोटक्शन वारंट पर यहां ले आई है।

ज्ञात हो कि गत 10 अक्टूबर 2023 को बैंक ऑफ बडोदा के कर्मचारी अरविंद रघुवंशी बैंक अधिकारी सुनील मंडल के साथ पांच लाख रूपए बैग में लेकर स्टेट बैंक गए थे। तभी बाइक पर आए तीन अज्ञात बदमाशों में से दो ने कट्टे से हवाई फायर कर अरविंद से बैग छीनने की कोशिश की, लेकिन जब अरविंद ने बैग नहीं छोडा तो बदमाशों ने उन पर कट्टे से फायर भी किए, लेकिन संयोग से गोली चल नहीं पाई। इसके बाद बदमाश अपने तीसरे साथी के साथ बाइक से मौके से भाग निकले थे। सरेराह दिन दहाडे हुई इस घटना से नगर में दशहत का माहौल बन गया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा 336, 367, 307, 34 का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। इस मामले में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आरोपियों की सूचना देने पर दस हजार रूपए के इनाम की भी घोषणा की थी। जिसके बाद एएसपी समीर यादव के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा एवं थाना प्रभारी शहर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।






इस बीच राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना थाना की पुलिस ने के एक मामले में आरोपी सुखवीर सिंह ठाकुर उम्र 42 साल नि. ग्राम सूबेदार का पुरा थाना खेड़ा राठौर जिला आगरा, श्यामवीर सिंह उम्र 27 साल नि. सदर, संगीता वघेल उम्र 20 साल नि. सदर तथा अजय निशाद (मलाह) उम्र 22 साल नि. पल्टुआपुरा थाना निबहौरा जिला आगरा को पकडा गया और उनसे पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने दिनांक 10/10/23 को गंजबासौदा मे फायरिंग कर लूट करने का प्रयास की घटना करना स्वीकार किया। जिसकी सूचना राजस्थान पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना से वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराकर एक टीम थाना बयाना भेजी गई एवं आरोपी गणों से पूछताछ की गई। आरोपी गणों द्वारा अपने दो साथियों के साथ दिनांक 10.10.23 को बासौदा में घटना घटित करना बताया। आरोपी गणों की गिरफ्तारी एवं अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने के लिए न्यायालय गंजबासौदा से प्रोटक्शन वारण्ट जारी कराया गया। जिसके बाद गत शाम को आरोपी गणों को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी गणों को पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी गणों से अन्य दो आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में कोतवाली टीआई संजीव चौकसे ने बताया कि यह गैंग अंतरराज्यीय है। इस गैंग के दो आरोपी फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है और पकडे गए आरोपियों को 15 दिसंबर तक रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। इन आरोपियों से उनके स्थानीय नेटवर्क सहित अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। फरार आरोपियों के पकडे जाने के बाद ही पूरी वारदात की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 366 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेंटर मिल रोड स्थित विजन सेंटर पर स्वर्गीय एनएस पिंगले की पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ. अनिल पटेल, डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 366 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किए। वहीं एमएस ठाकुर, कैंप प्रभारी डाल सिंह जादौन, धर्मेंद्र जादौन, नीरज दांगी ने रक्त परीक्षण, शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष डॉक्टर एके जैन, जिला अध्यक्ष गणेशराम रघुवंशी, सौदान सिंह यादव ने स्वर्गीय रणछोड़ दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि शिविर में 147 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 39 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, 29 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। वहीं 153 मरीजों को दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मूलचंद कुशवाह, समाजसेवी दिलीप देसाई, विजय अरोरा, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## रहवासी बस्ती में बगैर अनुमति के लगा दिए गए टॉवर, एसडीएम पहुंचे मौके पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में लंबे समय से रहवासी बस्तियों में खाली प्लाटों एवं छतों पर बगैर अनुमति के विभिन्न कंपनियों द्वारा टॉवर लगाए जा रहे हैं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसा ही मामला इन दिनों हरदूखेड़ी क्षेत्र में देखने को मिला जहां रातों रात सड़क किनारे खाली प्लॉट में टावर लगा दिए गए हैं। कुछ निजी लोग अपने प्लाटों में शासन प्रशासन की परमिशन के बगैर ही रुपयों के लालच में टॉवर लगवा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टावर से निकलने वाली तरंगों से कैंसर, ह्रदय रोग, थायरायड, मस्तिष्क व सांस जैसी कई बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले सकती हैं। खास बात यह है कि इन टावरों को लगाने में यदि तय मानकों जैसे ऊंचाई, आबादी से दूरी, स्थान आदि का पालन न हुआ हो तो यह खतरा और बढ़ जाता है। हरदूखेड़ी सरपंच अशोक कुशवाह ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगाए गए टॉवर के लिए पंचायत द्वारा कोई परमिशन नहीं ली गई है। जियो और एयरटेल के जो टावर लगाए गए हैं वह बिना अनुमति के लगाए गए हैं, कुछ नागरिकों द्वारा शिकायतें भी कि गई हैं। अगर सभी नागरिक मेरे साथ आए तो मैं यह हटाने का प्रयास करूंगा। उधर रातों रात लगे टावरों की जानकारी जब एसडीएम विजय राय को लगी तो वह पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लेते हुए दोनों प्लॉट मालिकों से परमिशन और अन्य दस्तावेज मांगे हैं। साथ ही एसडीएम ने कहा कि अगर टॉवर अवैध पाए जाते हैं तो जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम ने शाला में भेंट की संगीत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार को एसडीएम विजय राय और तहसीलदार संदीप जायसवाल ने शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शाला की छात्राऐ ज्योति कुशवाह, मोनिका अहिरवार ने तिलक लगाकर दोनों अधिकारी का स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों ने माला पहनाकर छात्राओं को सम्मानित किया। इसके उपरांत उन्होने शाला की आधार भूत संरचना सम्बन्धी व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों का शैक्षणिक स्तर भी परखा। शाला के छात्रों ने बड़ी सहजता से प्रश्नों के जबाव दिए। निरीक्षण में अधिकारियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुऐ कहा कि गरीब और मजदूर वर्ग के अधिकतर छात्रों का स्तर देखकर शाला के शिक्षक निश्चित ही प्रशंसा के पात्र हैं। शाला में शिक्षा के साथ अन्य व्यक्तित्व निर्माण में सहायक गतिविधियों की भी प्रशंसा करते हुए अधिकारियों ने अन्य शालाओं को प्रेरणा लेने की आशा व्यक्त की। शाला प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी से एसडीएम ने इसी तरह शालेय व्यवस्थाओं को अनवरत कायम रखने की अपेक्षा व्यक्त की ताकि शाला हमेशा दूसरों को प्रेरणा देती रहे। शाला के बच्चों की शिक्षा के अतिरिक्त अन्य सहायक रुचियों को देखते हुए एसडीएम ने शाला को संगीत सामग्री भेंट कर बच्चों से उनसे नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी। शाला निरीक्षण में प्रभारी सहित अन्य शिक्षक गोपाल अहिरवार, रानी रघुवंशी भी उपस्थित थे।

### जनसुनवाई का आयोजन हुआ



गंजबासौदा। आचार संहित समापन के बाद मंगलवार को तहसील के पटवारी सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें नगर सहित ग्रामीण अंचलों से विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें संबंधित विभाग प्रमुखों के पास निराकरण के लिए भेजा गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल, जनपद सीईओ भगवान सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## यादव समाज महिला संगठन व महिला मोर्चा ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला की जिला अध्यक्ष रीनू यादव के नेतृत्व में मंगलवार को दोपहर के समय नगर के जय स्तंभ चौराहे पर मोहन यादव को मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पटाखें फोड़कर, मिठाई बांटी और जश्न मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रीनू यादव, मधुलिका अग्रवाल, प्रीति तिवारी, ज्योति रघुवंशी, शबनम वी, आरती श्रीवास्तव, सीमा राजपूत, अर्चना जैन, लक्ष्मी शर्मा, सुमन आचार्य, सुधा राय, मुस्कान रघुवंशी, मीना दुबे, शिव कुमारी विश्वकर्मा, राजलक्ष्मी लोधी, सीमा सेन, भावना मालवीय सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

### एसजीएस में मनाई जन्म जयंती



**गंजबासौदा।** मंगलवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती पर भाषा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भाषा प्रदर्शनी, मेरी मातृभाषा में मेरा हस्ताक्षर अभियान, भाषण प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 75 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, IQAC प्रभारी मनीष दुबे, डॉ. वारिश जैन, डॉ मोनिता नेमा, डॉ रेखा जांसल, सुमन विश्वकर्मा, नरिन्दर कौर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम के दौरान हिंदी भाषा एवं साहित्य पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिससे छात्र-छात्राओं को हिंदी भाषा एवं साहित्य के विषय में जानकारी प्राप्त हुई।

### निर्विरोध धर्मेन्द्र सह सचिव, नरेन्द्र पुस्तकालय सचिव बने

# 18 दिसम्बर को होंगे अभिभाषक संघ के चुनाव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभिभाषक संघ के चुनावों का आगाज हो गया है। मंगलवार को अंतिम सूची प्रकाशन के साथ अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजेंद्र सिंह ठाकुर, संजीव प्रताप सिंह चौहान सुभाष ताम्रकार, वहीं उपाध्यक्ष पद पर अर्जुन सिंह कुर्मी, महेंद्र तिवारी, रजनीश जैन एवं सचिव पद पर अभिषेक रघुवंशी, भूपेंद्र राजपूत, सह सचिव पद पर धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष पद पर घनश्याम रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी एवं पुस्तकालय सचिव पद पर नरेंद्र बघेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर आकाश महेश्वरी, दिलीप रघुवंशी, मानक लाल प्रजापति, प्रदीप लाहौरी, सुनील भावसार एवं नटेरन से संजय कुमार जैन के नाम उम्मीदवार के रूप में सामने आए हैं। जिनमें से सह सचिव पद पर धर्मेंद्र सिंह सोलंकी और पुस्तकालय सचिव पद पर नरेंद्र बघेल केवल एक-एक नाम ही शेष रहे। इस तरह से दोनों पद निर्विरोध रहेंगे। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट वीरेंद्र सिंह राजपूत एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि कुल 310 अभिभाषक मतदाता के रूप में अपने मत का प्रयोग करेंगे। 14 दिसंबर को दोपहर 11 से 4 बजे तक पोस्टल मतदान होगा। वही 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मंगलवार 12 दिसंबर को फार्म वापसी की अंतिम तिथि थी। जिसमें काफी गहमागहमी के बीच अंतिम सूची का प्रकाशन हुआ। जिसमें अब कुल 18 प्रत्याशी मैदान में शेष रहे हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों ने दिया शिकायती आवेदन




गंजबासौदा। मंगलवार को ग्राम मुढैना में 22 वर्षीय युवक अरविंद पुत्र कमलेश मालवीय की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों द्वारा दिए गए शिकायती आवेदन में कहा गया है कि अरविंद लाइन मैन के साथ लाइट का काम करता था। लाइनमेन के द्वारा मोबाइल पर परमिट लेने की बात कही गई। जिसके बाद अरविंद विद्युत खंभे पर चढ़कर काम करने लगा। इसी दौरान लाइट चालू हो गई जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। जिसको लेकर परिजनों ने त्योंदा पुलिस थाना पहुंचकर शिकायती आवेदन देकर जांच की मांग की है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## महाप्रसाद का भोग लेकर सुभद्रा, बलभद्र के साथ रवाना हुए भगवान जगन्नाथ, साक्षी गोपाल मंदिर पर हुआ रात्रि विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पुरी (उड़ीसा) से रथ पर सवार भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु, बहन सुभद्रा और अपने बड़े भाई बलभद्र को साथ मंगलवार को गंजबासौदा के लिए रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पहले प्रभु जगन्नाथ ने उनको लेने के लिए गई नगर की भक्तों की टोली द्वारा अर्पित किए गए महाप्रसाद का भोग लिया। भक्तों ने भी महाप्रभु के साथ महाप्रसाद का छक्कर भंडारा पाया। जय जगन्नाथ के जयकारों के साथ भक्त और भगवान की यह यात्रा करीब 1200 किलोमीटर का सफर तय कर 40 दिन बाद नगर में मंगल प्रवेश करेगी। जिसकी इंतजार की घड़ी शुरू हो गई है। महाप्रभु का रात्रि विश्राम भक्तों की टोली के साथ साक्षी गोपाल मंदिर के पास हुआ। ज्ञात हो कि क्षेत्र के सिद्ध संत बाबा जगन्नाथ दास महाराज की तपोस्थली बेतवा घाट स्थित नौलखी आश्रम में आगामी 10 से 20 अप्रैल तक विराट महोत्सव संपन्न होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में घाट पर मौजूद पुराने आश्रम के नए जीर्णोद्धार के साथ प्रभु जगन्नाथ के नवीन विग्रह के साथ ही भगवान रामलला के भी नए विग्रह स्थापित होंगे। महाप्रभु को लेने के लिए नगर से करीब 150 से अधिक श्रद्धालुओं का एक जत्था विगत दिवस ट्रेन से पुरी के लिए रवाना हुआ था। मंगलवार को वहां से अब भक्तों की यह टोली प्रभु जगन्नाथ को रथ पर सवार कर पैदल संकीर्तन करते हुए नगर के लिए निकल पड़ी है। पदयात्रा के प्रारंभ होने से पहले मंगलवार सुबह 11 बजे भगवान जगन्नाथ प्रभु का विधि विधान के साथ पुरी उड़ीसा छोटा छत्ता मठ के पुजारी रामदयाल दास महाराज एवं अन्य ब्राह्मणों द्वारा पूजन अर्चन किया गया। पूजन के पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ को साग पूड़ी, महाप्रसाद और खाजा गुड़ का भोग अर्पित किया गया। उसके बाद नगर से गए रथ पर भगवान महाप्रभु को बैठाया गया। रथ पर बैठते ही महाप्रभु की अद्भुत नयानाभिराम झांकी ने सभी भक्तों का मन मोह लिया और सभी ने एक साथ जय जगन्नाथ के जयकारों से पुरी उड़ीसा में आसमान गुंजयानमान कर दिया। रथ यात्रा में पैदल चल रहे नौलखी खालसा के श्रीमहंत राममनोहर दास, महंत ब्रजमोहन दास महाराज नर्मदा गौशाला गांधीनगर, यजमान मनीष नरेश गुप्ता, रघुवीर सिंह रघुवंशी, रामकमल रघुवंशी, घनश्याम सिंह, शैलेंद्र रघुवंशी के अलावा बड़ी संख्या में भक्तगण साथ चल रहे हैं। करीब 190 साल पहले विदिशा जिले के मानोरा ग्राम के निसंतान जमींदार मानिकचंद रघुवंशी अपनी पत्नी पद्मावती के साथ महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन की कामना लेकर पैदल पुरी उड़ीसा के लिए निकल पड़े थे। रास्ते में उनकी कठिन भक्ति को देखकर भगवान जगन्नाथ प्रभु प्रकट हुए उन्हें वापस गांव जाकर मंदिर बनवाकर प्रतिमा स्थापित करने के लिए कहा और उन्हें वचन दिया कि वह उन प्रतिमा में वास करेंगे। मान्यता है कि तब से ही पुरी में जब रथ यात्रा निकलती हैं तो कुछ समय के लिए रथ के पहिए थम जाते हैं तब यह कहा जाता है कि भगवान मानोरा के लिए प्रस्थान कर गए हैं। आज भी मनोरा में यह रथ यात्रा जिले की सबसे बड़ी रथ यात्रा के रूप में प्रचलित है और लाखों श्रद्धालु छोटे से गांव में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन को लालायित रहते हैं। ऐसा ही कुछ संकल्प लेकर संकीर्तन के साथ नगर के भक्त भी जगन्नाथ महाप्रभु जी को को पैदल लेकर आ रहे हैं।

सड़क निर्माण कार्य प्रांरभ, वार्डवासियों ने विधायक उमाकांत शर्मा का जताया आभार


# विधायक के निर्देश पर शीघ्र प्रांरभ होगा केथन डेम का गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने लिए शहर में सौदर्यकरण करने के संबध में विधायक उमाकांत शर्मा ने एक कार्ययोजना तैयार की है। वही उनके निर्देश के अनुसार शहर में आने वाले जल संकट से निपटने के लिए नगर के केथन डेम में गहरीकरण का कार्य किया जाएगा। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि केथन डेम क गहरीकरण के लिए तालाब में 20 फिट तक गड्डे किए जाएगें। वही डेम में गडडें होने बाद भविष्य में शहरवासियों को जल संकट जैसी समस्या का सामना नही करना पडेंगा। इस संबध में नगर पालिका द्वारा टेंडर भी जारी कर दिए गए है और गहरीकरण के लिए इंजिनियरों की एक टीम बनाई गई। जिसमें पीएचई विभाग,सिंचाई विभाग,आरईएस विभाग के इंजीनियर इस गहरीकरण को लेकर स्थल निरीक्षण करेगें और शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद गहरीकरण का कार्य प्रांरभ किया जाएगा। साथ ही समय समय पर शहर को सुंदर बनाने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा जो भी निर्देश जारी किए जाएगें। उस क्षेत्र शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### शहर के सौंदर्यीकरण पर दिया जाएगा विशेष ध्यान



सिरोंज शहर को सुंदर बनाने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा कई प्रयास किए जा रहें है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि जैसे जैसे विधायक शर्मा ने निर्देश मिलेगें वैसे वैसे शहर में सौदर्यकरण का कार्य प्रांरभ होता जाएगा। साथ ही नगर के मुख्य चौक चौराहो को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। विधायक के अथक प्रयास से वार्डवासियों को मिली सड़क - नगर के वार्ड क्रमांक 03 सेंट जोसेफ स्कूल वाली गली में सड़क निर्माण न होने के कारण वार्डवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वही विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयास के बाद वार्ड में सीसी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हुए। उक्त सड़क का निर्माण कार्य एंव नालियों का निर्माण कार्य लगभग 22 लाख रूपये की लागत से किया जाएगा। वही वार्डवासियों ने बताया कि सड़क न होने के कारण उक्त रास्ते पर आए दिन हादसे होते रहते थे आए दिन छोटे छोटे बच्चे कीचड में गिरकर घायल हो जाते थें। बारिश के मौसम में सड़क कीचड़ में तबदील हो जाती थी। लेकिन अब सीसी सड़क निर्माण होने से हादसों पर अंकुष लगेगा और वार्डवासियों को आने जाने में परेशानियों का सामना नही करना पडेंगा। वही सड़क निर्माण कार्य प्रांरभ होने पर समस्त वार्डवासियों ने विधायक उमाकांत शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# एक्शन में प्रशासन, कई स्थानों पर की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई

प्रतिदिन चलेगी नपा की अतिक्रमण हटाने की मुहिम



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

एसडीएम हर्षल चौधरी के निर्देषनुसार नगर पालिका के अमला द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम तेजी से प्रांरभ कर दी गई है। वही नपा अमले ने नगर के मुख्य मार्ग नवीन बस स्टेण्ड, मण्डी रोड, पुराना बस स्टेण्ड, बलेजा पेट्रोलपम्प पर से आम रास्ते पर किए अतिक्रमण को हटाया गया। जिसमें आम रास्ते पर रेत रखकर किए गए अतिक्रमण एवं दुकानदारों द्वारा दुकानों की सामग्री को रखकर जो अतिक्रमण किया गया उन पर नगरपालिका द्वारा चालानी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही वाहन धुलाई सेंटरों पर आम रास्ते पर दो व चार पहिया वाहन रखकार वाहन धोने का कार्य किया जाता है उन सेंटरों के नल कनेक्षन को काटा गया। साथ ही नपा द्वारा 39 व्यक्यिों पर चालानी कार्रवाई की। नगर के मुख्य मार्गो पर दुकानदारो व अन्य लोगो द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

तत्काल लगाई जाए नलों में टोटियां - नपा ने शहर के आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कम वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए पानी को व्यर्थ न गवाये एवं जिनके नलों में टोंटी नही लगी है जिनके द्वारा पानी व्यर्थ वह रहा है। उनमें तत्काल टोंटी लगाने का कार्य किया जाए अन्यथा उन नलों को निकाय द्वारा काटे जाने की भी कार्रवाई की जाएगी। शहर में ऐसे कई स्थान है जहा पर नलों में टोंटिया न होने के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ नालियों में बहता रहता है। यदि किसी भी नागरिक के घर व दुकान के बाहर बिना टोटियों के नल पाया गया और पानी व्यर्थ बहता देखा गया तो उक्त व्यक्ति के ऊपर नपा द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी।

**अब तालाब परिसर में लगेगा पशु हाट बाजार**

तालाब परिसर में लगाया जाएगा पशु हाट बाजार - प्रति शुक्रवार तहसील रोड पर शनिवार मंदिर के समीप पशु हाट बाजार लगाया जाता है। जिस कारण पषुओं की खरीदी करने आने वाले नागरिक अपने वाहनो को मुख्य सड़क पर खडा कर देते है। सड़क वाहन खडें होने से उक्त रोड पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही पशु हाट बाजार में नागरिकों को बैठने के लिए कोई व्यवस्था न होने के कारण सर्दी,भीषण गर्मी व बारिष के मौसम में नागरिकों को सडकों पर बैठना पड़ता है। ऐसी अनेक समस्याओं को देखते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी ने नपा को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील रोड पर लगने वाले हाट बाजार को तालाब परिसर में लगाया जाए। जिससे कि पशु हाट बाजार में आने वाले व्यापारियों व खरीदारो को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पडें।



**प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को मिला तीसरा स्थान, जीते 24 पदक**

# संभागीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन




**सिरोंज**। जिला ताइक्वांडों संघ द्वारा अग्रवाल धर्मषाला विदिशा में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल संभाग के सभी जिलों के खिलाडियों ने भाग लिया। वही सिरोंज से आदर्श ताइक्वांडो क्लब के 31 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता कर शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक 5 रजत पदक और 11 कांस्य पदक प्राप्त कर उक्त प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में निमिषा जाटव, तेजस्विनी कुशवाह, साम्या थापक, विधि कुशवाह, अरनव कौरव, नवदीप जाट, समर्थ दिनकर, और जुनियर बालिका वर्ग में विधि कुशवाह अंडर 42 किलोग्राम में भी स्वर्ण पदक जीता। इस प्रकार कुल 8 स्वर्ण पदक आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने जीते। साथ ही रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आस्था साहू,राखी साहू, दिव्यांश खटीक, हर्षित बैरागी और ध्रुव प्रताप सिंह शमिल है कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में चतुर्वी सोनी,आदविका भावसार, वेदांशी जैन, कार्तिक प्रभाकर, हिमांशी प्रजापति, दिव्यांश पाल, अक्षांश दांगी, ह्रदयांश पटेल,आदर्श दांगी,असद खान, और जूनियर वर्ग में दिव्यांश जाट शामिल है। इस प्रकार संभागीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 24 पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर टीम के कोच के रूप में सरदार सिंह कुशवाह और मैनेजर के रूप में चिरंजीवी नेमा शामिल रहें।

# धान की कटाई में हुई देरी, दिसंबर में अब छूटा बारना नहरों में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

क्षेत्र के किसानों के लिए धान की खेती समान्नता का कारण बना हुआ है। इस वर्ष बारिश, चुनाव की बाधाओं के कारण धान की कटाई, थ्रेसिंग में 15-20 दिनों का बिलंब हो गया। अभी भी कही-कही धान की कटाई और थ्रेसिंग का कार्य हो रहा है। गेंहू की बोवनी का सबसे



अनुकूल समय 30 नवंबर तक माना जाता है। इस वर्ष बाड़ी स्थित बारना बांध की नहरों में दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में बहुत कम मात्रा में पानी छोड़ा गया है। कम मात्रा में पानी छोड़े जाने से टेल क्षेत्र के ग्रामों, नहरों खेतों में पानी पहुंचने में लंबा समय लग सकता है। खाद की कमी, बारिश मौसम की बाधाओं के कारण क्षेत्र में निरंतर गेंहू की बोवनी पिछड़ती जा रही है।

इस वर्ष बारिश की कमी के कारण जुलाई में धान की जैसे-तैसे रोपाई हो पाई। धान तैयार हुई तो नवम्बर, दिसम्बर माह में बार-बार बारिश की बाधा और परेशानियां रही। अब मौसम साफ होने पर किसान नमी युक्त धान को सूखा कर किसी प्रकार थ्रेसिंग कर रहे है। किसानों का सारा ध्यान धान पर लगा हुआ है। इसी के साथ गेंहू, चना की बोवनी के लिए डीएपी, खाद भी किसानों को नहीं मिल पा रही है। जिससे किसान हैरान परेशान बने हुए है। सवाल यह है कि मात्र 200 क्यूसिक पानी संपूर्ण बाडी- बरेली, बक्तरा क्षेत्र की नहरों से किसानों के खेतो तक कब पहुंच पाएगा।

# कलियुग में भगवान वाणी में विराजित हैं वाणी पर नियंत्रण जरुरीः ब्रह्मचारी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

भवानी रामायण महिला मंडल के तत्वाधान में मानस सत्संग भवन में चल रही, श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर ब्रम्हचारी महाराज ने कलियुग में नाम जप महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि जिसने वाणी को वश में



कर लिया, उसने संसार को वश में कर लिया। श्रीराम नाम की मणि, दीप, घर, जीह, देहरी, द्ववार, चौपाई का विस्तार से वर्णन किया। श्रीराम कथा व्यास महामण्डलेश्वर ब्रम्हचारी महाराज ने श्रीराम हनुमान जी के मिलन का मार्मिक प्रसंग भी वर्णन किया। वानरो द्वारा सीता जी की खोज में गूठ रहस्य को बतलाते हुए कहा कि जीव जब आत्मा में भक्ति को खोजते है, तभी सीता जी की प्राप्ती होती है। सुन्दरकांड में भक्ति स्वरूपा सीता जी का जीवन दर्शन वर्णित होने से इसे सुंदरकांड कहा गया है। कहा कि बढ़ती हुई सांसारिक वासनाएं ही सुरसा है। ब्रम्हचारी महाराज ने कथा श्रवण सत्संग की महिमा का विस्तार से वर्णन किया, कहा कि लंकनी रूपी प्रवृति जब हनुमान जी के सत्संग से प्रभु चरणों में पहुंच जाती है। हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका में सीता जी के समक्ष रामकथा सुनाने के प्रसंग का वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा समापन पर भव्य दिव्य आरती का आयोजन एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

# 255 ने जांच कराई, 116 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

**मरीजों को समाजसेवी बंसल परिवार द्वारा भोजन के पैकेट एवं पानी वितरित कराए गए।**

लायंस क्लब द्वारा सदगुरु सेवा ट्रस्ट के सहयोग से नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन का शिविर सरकारी अस्पताल प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र रोग चिकित्सक ऐ आर कुरेशी एवं सतगुरु सेवा ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ गोलू भार्गव की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया।

शिविर में 255 मरीजों आंखों की जांच कराई गई। 116 मरीजों को ऑपरेशन के लिए बस के द्वारा सदगुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर के लिए रवाना किया गया। सभी मरीजों को समाजसेवी बंसल परिवार द्वारा भोजन के पैकेट एवं पानी वितरित कराए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल अर्पण कर एवं दीप प्रज्वालन कर किया गया। मुख्य अतिथियों का लायंस क्लब के अध्यक्ष गजेंद्र यादव एवं सदस्यों द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी, राजेन्द्र जैन, कमल सिंह चौहान, कनछेदी कुशवाह, जुगल चौकसे, कुलदीप शर्मा, दीपक मेहर, डॉ वैभव मोदी, नरेंद्र महोदय, डॉ सतीश दुबे, विनोद रत्नाकर, लायंस क्लब के अध्यक्ष गजेंद्र यादव,चेतन बंसल, जगदीश मोदी अभिषेक जैन राशिद खान उपस्थित रहे।

शरद स्मृति न्यास कार्यालय में स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी दिवस के रुप में मनाया शहीद दिवस

# दुनिया से अलग है भारत की जीडीपीः दुबोलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/विदिशा।

दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत ही है। सबसे ज्यादा युवा हम हैं। दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद का पैमाना खर्च पर निर्भर होता है। हमारी प्रकृति बचत करने की है। कोरोना के दौरान हमारे देश की मातृ शक्तियों की गुल्लक में लाखो रुपए निकले थे। दुनिया की जीडीपी कुछ भी हो भारत की जीडीपी सबसे अलग है। यह बात स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संगठन मंत्री केशव दुबौलिया ने स्वदेशी दिवस के दौरान शरद स्मृति न्यास कार्यालय में कही।

उन्होंने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी युगदृष्टा थे। उन्होंने देखा कि दुनिया में बड़े बड़े विकसित देश हैं, जिनका व्यवसाय अपने हिसाब से चलता है। सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश भारत ही है। भारत में सबसे अधिक उपभोक्ता हैं। कही दुनिया की कंपनी भारत पर कब्जा न कर लें इसलिए ठेंगड़ी ने भारत के भविष्य को ध्यान में रखकर स्वदेशी जागरण मंच और दुनिया के सबसे बड़े दूसरे संगठन भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की।

उन्होंने कहा कि भारत की कुल जनसंख्या 142 करोड़ में से 18 से 29 वर्ष के 37 करोड़ युवा है । जीवन की सबसे बड़ी ताकत 16 से 29 वर्ष के युवाओं में हैं । युवक दौड़ दौड़ कर काम कर लेते है। उन्होंने स्वदेशी के प्रथम बलिदानी बाबू गेनू के स्वदेशी के बलिदान एवम उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए सभी स्वदेशी अपनाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन से की गई। इसके बाद स्वदेशी के प्रथम बलिदानी बाबू गेनू को पुष्पांजलि दी। करूणा शर्मा ने स्वाबलंबी गीत प्रस्तुत किया। ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक प्रदीप जैन ने मंच का परिचय कराया। कार्यक्रम का वृत्त स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक महिपाल राजावत ने रखा। कार्यक्रम को उद्योगपति दुष्यंत जैन ने भी संबोधित किया। संचालन परसराम दुबे ने किया। इस मौके पर जिला सह संघ चालक रामकिशोर अग्रवाल, स्वाबलंबी भारत अभियान के मध्य भारत प्रांत के चार विभागों के पूर्णकालिक तरुण यादव, जिला पूर्णकालिक अंकित पाठक महेन्द्र रघुवंशी सहित स्वदेशी जागरण मंच भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ हिंदू जागरण मंच विद्यार्थी परिषद सेविका समिति सहित अनेक विचार परिवार के संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वदेशी आंदोलन में शहीद हुए बाबू गेनू को अर्पित की पुष्पांजलि



### बाबू गेनू को याद कर आत्मनिर्भर भारत बनाने लिया संकल्प

**भोपाल**। स्वदेशी आंदोलन में शहीद होने वाले बाबू गेनू की याद में मंगलवार को स्वदेशी दिवस मनाया गया। स्वदेशी जागरण मंच ने जिला रोजगार सृजन केंद्र C-13 शिवाजी नगर में शहीद बाबू गेनू के किए कार्यों को याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि 12 दिसंबर 1930 स्वदेशी आंदोलन का महत्वपूर्ण दिन था, जिसे आज 'स्वदेशी दिवस' के रूप में याद किया जाता है। इसी दिन 22 वर्षीय बाबू गेनू ने महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन से प्रभावित होकर कपड़ा मिल से विदेशी कपड़े का ट्रक रोकने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया था। उनके मार्ग पर चलकर हमें स्वदेशी को बढ़ावा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेना है।

### जागरण मंच ने स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया शहीद दिवस

**सालभर किए गए कार्यों का दिया ब्यौरा**

स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए जिला, विभागीय और प्रांतीय अधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक भी हुई। मंगलवार सुबह स्वावलंबी भारत अभियान के तहत मध्य भारत प्रांत के हर जिला रोजगार केंद्र को खुले मंगलवार को एक वर्ष पूरा हुआ। इसके तहत हुए सालभर के किए गए कार्यों की समीक्षा हुई। आगे के कार्यों का क्रम बढ़े, विविध संगठनों के माध्यम से विस्तार हो। ताकि युवाओं और महिलाओं को स्वावलंबन का पथ मिले।

## सूर्यनगर में हुआ अयोध्या से आए अक्षत कलशों का वितरण

**शमशाबाद**। अयोध्या से आए अक्षत कलश सूर्यनगर प्रखंड से 10 मंडलों और दो बस्तियों को वितरित किए गए। सभी मंडल केंद्रों से कार्यकर्ता और रामभक्त भजन कीर्तन के साथ ट्रैक्टर ट्रालियों से आए और हवन पूजन के पश्चात नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा के साथ अपने अपने ग्रामों के लिए प्रस्थान किया। बाबा रामदेव मंदिर पर कलशों का पूजन हवन आरती की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी इस दिन हमें अपने अपने घरों में दीवाली जैसा उत्सव मनाना है ग्राम के प्रत्येक मंदिर पर भजन आरती करना है । सूर्यनगर के 101 ग्रामों के 16000 हिंदू परिवारों तक यह अक्षत 1 से 15 जनवरी तक पहुंचना है और अयोध्या में राम लला के लाइव प्रसारण के साक्षी बनने का सभी ग्रामवासियों से आग्रह करना है। कार्यक्रम में इस अभियान के पालक धनेश पाठक प्रखंड संयोजक कुलदीप् ता एवं रामभक्त शामिल रहे।

**कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मातृभूमि बीज उत्पादक सह. संस्था मर्या. सिरोंज जि.विदिशा**

(पंजीयन क्रमांक 721 दिनांक 05.10.2006)

संस्था के माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि, अधिकारी मातृभूमि बीज उत्पादक सह. संस्था मर्या. सिरोंज जिला विदिशा की सदस्यता सूचि का प्रकाशन संस्था कार्यालय, उप पंजीयक सहकारी संस्था जिला विदिशा, विकासखण्ड कार्यालय सिरोंज एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा शाखा.सिरोंज के सूचना पटल पर दिनांक 11.12.2023 को किया गया । यदि किसी सदस्य को इस पर दावें या अपत्तियां प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 11.12.2023 से 18.12.2023 तक संस्था कार्यालय में समिति प्रबंधक या कार्यालय उपपंजीयक सहकारी संस्थाऐं जिला विदिशा में कार्यालयीन समय में सप्रमाण मुझे लिखित में या समिति प्रबंधक को प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं अपत्तियों के निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 19.12.2023 को दोपहर 12:00 बजे से किया जावेगा। यदि सदस्य की कोई अपत्ति है तो और वह उपस्थित नही होता है। तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर अपत्तियों का निराकरण किया जावेगा। सभी सदस्यों को पृथक से सूचना भेजी गई है। यदि किसी सदस्य को सूचना प्राप्त न हुई हो तो इसे ही सूचना समझी जावे।

(अनिल सक्सैना)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
मातृभूमि बीज उत्पादक सह. संस्था मर्या. सिरोंज



# बारना बांध से कई नगरों में पानी ले जाने की 'कवायद'

## आगामी दिनों में किसानों को हो सकता है जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बाड़ी बरेली तहसील अंतर्गत आने बाले ग्रामीण क्षेत्रों में किसान धरती का सीना फाड़ कर पैदावारी करते आ रहे हैं। बाड़ी में बने बारना उप बांध से नहरों द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु पानी मिलता है, जिससे उनकी फसलों की अच्छी पैदावारी हो सके। हालांकि कभी कभी वारिस ना होने के कारण किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पाता जिससे उनकी फसलें नष्ट हो जाती हैं फिर भी किसान हार नही मानता। वह अगली फसल पर फिर उम्मीद की फसल उगाता है।

बारना उप बांध से नहरों द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु जो पानी दिया जाता है अभी तक के आंकलन में बह पर्याप्त नही देखा गया उसपर सितम अब बारना उप बांध से अन्य नगरों में पाइप लाइन द्वारा पानी ले जाने की कवायद सुरु हो गई है, जिसके चलते क्षेत्रीय किसानों पर जल संकट मंडराते दिखाई दे रहा है। बता दें बारना बांध जब से बना है तब से अभी तक बांध का गहरी करण नहीं किया गया जिसके चलते बांध में पानी की क्षमता बेहद कम हो चुकी है। ऐसे में यदि इस बांध से अन्य नगरों में पानी ले जाया गया तो क्षेत्र में किसानों व लोगों पर जल संकट मंडराएगा।

### क्षेत्रीय किसानों की मेहनत पर नेताओं की नजर

*बाड़ी बरेली क्षेत्र धान का कटोरा कहा जाता है यहां पर किसानों द्वारा पूसा वासमती की अच्छी पेदाबारी होती है जो कि देश प्रदेश में चर्चित है कुछ नेता अपने निजी स्वार्थ के चलते इस क्षेत्र के किसानों से बदलात्मक भावनाएं रख अपने क्षेत्र में पर्याप्त पानी की व्यवस्था कर रहे हैं जो कि क्षेत्रीय किसानों को कतई बर्दाश्त नही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जल निगम विभाग द्वारा तकरीबन एक हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जिसमें सिलबानी,बेगमगंज,ओबेदुल्लागंज पाइप लाइनों के जरिए बारना उप बांध से पानी ले जाया जाएगा हालांकि अभी निर्माण एजेंसी ने कार्य को अंजाम नही दिया है किंतु इस योजना की खबर लगते ही क्षेत्रीय किसानों में रोष व्याप्त है।*

### स्कूली बच्चों को तेज रफ्तार बाइक पर मस्ती करना पड़ा महंगा

# तेज रफ्तार बाइक एंगल से टकराकर 40 फीट ऊपर हवा में उछली, 3 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन/ बेगमगंज



स्टेड हाइवे 15 पर मढ़िया गुसांई गांव के समीप बीलखेड़ा निवासी दो दसवीं और एक नवी का छात्र सुल्तानगंज के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल से अर्धवार्षिक परीक्षा देकर अपने गांव बीलखेडा बाइक से जा रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सड़क किनारे पड़े कंक्रीट में लगे एंगल से टकराने से दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में तीनों छात्रों को गंभीर चोटे आई हैं।

प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि हादसा इतना भीषण था की देखने वालों की रोंगटे खड़े हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बीलखेड़ा निवासी संतोष साहू के दो पुत्र राहुल साहू उम्र करीब 17 वर्ष और राकेश साहू उम्र करीब 15 वर्ष वहीं हनुमत अहिरवार का पुत्र रोहित अहिरवार उम्र करीब 15 वर्ष सुल्तानगंज की ओर से बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार से आ रहा था। साथ ही बाइक पर मस्ती करते जा रहे थे।

अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ा और सड़क किनारे पड़े कंक्रीट के ठेले में लगे एंगल से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि पहले तो बाइक समेत तीनों बच्चे करीब 40 फीट ऊपर हवा में उछले और हाई टेंशन लाइन को छूते हुए करीब 100 फीट दूर जाकर गिरे गनीमत रही की उस वक्त बिजली नहीं थी और मौके पर कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन तीनों छात्रों को हाथ पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

### घायलों को सागर किया रेफर

हादसे के तुरंत बाद मढिया गुसांई के ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए। घायलों को तुरंत उठाया और बाइकों से लेकर सुल्तानगंज अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टर सत्यम सोनी द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों के लिए सागर इलाज के लिए रेफर किया गया।

इस घटना को देखकर कुछ जागरूक नागरिक यह कहते सुने गए कि नाबालिक बच्चों को बाइक चलाने परिजनों को नही देना चाहिए यह गलत है। जबकि हमारा कानून भी कहता है कि 18 वर्ष की उम्र पूर्ण होने के बाद में ही वाहन चलाना चाहिए। इसके बावजूद रोजाना सैकड़ो नाबालिक बच्चों को सुल्तानगंज में वाहन चलाते हुए देखा जा सकता है।

### दूसरा सड़क हादसा...

### नशे में आयशर ट्रक चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर




*रायसेन। सागर की ओर से आ रहे आयशर ट्रक ने स्कूटी सवार युवती सहित दो लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद ड्राइवर मौके से भागने लगा। लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने ट्रक ड्राइवर को जमकर पीट दिया। लोगों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर नशे की हालत में था। आयशर ट्रक क्रमांक आरजे 32 डीजे 3809 के ड्राइवर ने पहले स्कूटी सवार युवती मनीषा को पीछे से टक्कर मारी। इससे युवती स्कूटी सहित रोड पर गिर गई। इसके बाद ट्रक ने एक महिला को टक्कर मार दी। लोगों ने ट्रक को मुखर्जी नगर पर पकड़ लिया और चालक की धुनाई कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को थाने पहुंचाया।*

# कॉलेज जाने वाला मार्ग हुआ गड्ढों में तब्दील, सड़क निर्माण की उठाई मांग

### 5 साल पहले नगर परिषद ने कराया था निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिलवानी



नगर के वार्ड नंबर 2 इंद्रिरा आवास कालोनी में शासकीय महाविद्यालय स्थित है। यहां पर करीब 4 सौ विद्यार्थियों के नाम दर्ज है, जो कि उच्च शिक्षा प्राप्त प्राप्त करने के लिए जाते है। लेकिन स्टेट हाइवे 44 से कॉलेज तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। सड़क पर गड्ढो की भरमार है। आवागमन के समय यह ज्ञात ही नहीं होता कि गड्ढो में सड़क है या सड़क में गड्ढे। विद्यार्थी ही नही इंदिरा आवास कालोनी में रहने वाली करीब 1 हजार की आबादी भी क्षतिग्रस्त सड़क से परेशान है।

हालांकि विद्यार्थी व रहवासी सड़क निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि इंद्रिरा आवास कॉलोनी के रहवासी व विद्यार्थियो को आवागमन में हो रही परेशान से कोई इत्तफाक नहीं रख रहे है। फलस्वरूप उक्त सड़क से आवागमन परेशानी से भरा हुआ है।

रहवासी श्रीराम सेन, कमलेश, शिवकुमार, संजय, नारायण,मोहन, रेशम सिंह, कविता, प्रतिभा, अजय रघुवंशी, सुनीता, अंजना आदि ने उक्त सड़क व नाली का गुणवत्ता युक्त निर्माण कराने की मांग की है।

### नाली न होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

*ऐसा नहीं है कि मात्र सड़क क्षतिग्रस्त होने से नागरिक व विद्यार्थी परेशान हो रहे है। सड़क के दोनों तरफ नाली ना होने के कारण भी नागरिको को परेशानी हो रही है। सड़क के दोनो तरफ बने मकानो का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। पानी सड़क पर बहने से वर्ष भर सड़क दलदल में तब्दील रहती है। दलदल होने से मच्छरो का प्रकोप भी बढ़ रहा है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। हालांकि नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी से प्रशासन भलीभांति परिचित है। लेकिन सडक निर्माण या सड़क मरम्मत कराए जाने को लेकर किसी भी स्तर पर कार्रवाही नहीं की जा रही है।*

### क्षतिग्रस्त सड़क से लोगो में नाराजगी

*शासकीय महाविद्यालय तक जाने वाली उक्त सड़क का उपयोग प्रति दिन छात्र छात्राओं के अलावा इंद्रिरा आवास कॉलोनी के रहवासी तथा उस रास्ते से अन्य ग्रामों को जाने वाले ग्रामीण भी करते है। लेकिन स्टेट हाईवे 44 गैरतगंज मार्ग से कॉलेज तक की सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन करने वालो को परेशानी हो रही है। हो रही परेशानी से नागरिकों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि सड़क मरम्मत या नवीन निर्माण की मांग की जा चुकी है। लेकिन जायज मांग को भी तबज्जों नहीं मिल पा रही है। नप सूत्रो के मुताबिक किसी भी सड़क के निर्माण के पश्चात 10 साल तक उक्त सड़क का नवीन निर्माण कार्य नही कराया जा सकता है। मरम्मत की जिम्मेदारी भी तत्कालीन निर्माण एजेंसी की ही होती है।*

## अनाज व्यापार संघ का निर्विरोध चुनाव संपन्न



**सिलवानी।** अनाज व्यापार संघ का पुनर्गठन करने नगर के बरिष्ठ अनाज व्यापारी ऋषव कुमार समैया के प्रतिष्ठान पर बैठक आयोजित की गई। बैठक अनाज व्यापार संघ के सदस्य मौजूद रहें। पदाधिकारियो का चयन करने व्यापारियो में सामजस्य रहा। यहां पर अध्यक्ष पद पर युवा व्यापारी रोहित समैया का चुनाव सर्व सहमति से किया। इसके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियो में उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू व आषीष जैन का चयन किया, जबकि सचिव पद के लिए पटेल प्रफुल्ल जैन को दायित्व सौंपा। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौरभ जैन के पास रहेगी। इसके साथ ही संरक्षक पद पर नगर के बरिष्ठ अनाज व्यापारी अजय जैन, वासुदेव साहू, अषोक पटेल तथा राजकुमार साहू को चुना गया।

## कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री बने हमज़ा



**सलामतपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में पूर्व उपसरपंच सलामतपुर हमजा जाफरी को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार व पूर्व केबिनेट मंत्री आरिफ अकील के सहयोग से की गई है। हमजा जाफरी की नियुक्ति पर पूर्व केबिनेट मंत्री आरिफ अकील, भोपाल उत्तर विधानसभा विधायक आतिफ अकील, सांची विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी डॉ जीसी गौतम, बब्लू पठान, पूर्व सरपंच मूलचंद यादव, असरार एहमद, गुफरान अहमद, शोएब अहमद, मकसूद मंसूरी, अनुज जैन, मुकेश मेहरा, इखलास मोहम्मद, अनवर खान, मोनू पाल, जावेद मंसूरी, विक्की सहित सलामतपुर व आसपास क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का आभार व्यक्त किया है।

# भोपाल-विदिशा हाइवे पर ट्रक ने स्कूटी सवार पति-पत्नी को मारी टक्कर, दोनों घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सलामतपुर



थाना अंतर्गत भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक ट्रक ने स्कूटी पर सवार पति पत्नी को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। जानकारी अनुसार मंगलवार को भोपाल निवासी पति-पत्नी ग्राम कागपुर में कार्यक्रम से वापस अपने घर भोपाल आ रहे थे।

रास्ते में भोपाल विदिशा हाईवे घोड़ा पछाड़नदी के पुल के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने स्कूटी को साइड में ट्रक दबाकर टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। वहीं दीवानगंज निवासी तीन राहगीर युवकों जिनमें सूरज विश्वकर्मा, रोहित विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा द्वारा मानवता का परिचय देते हुए घायल पति-पत्नी को उठाया और उनके परिजनों को फोन लगाया और अस्पताल भेजा गया। वहीं इस मामले को लेकर सलामतपुर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत खोहा के सरपंच रघुवीर मीणा ने बताया कि नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है, जिसकी वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नही लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस सड़क को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।

### हाइवे को किया जाए फोर लेन, कम होंगे हादसे

नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा के लोगों ने भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें 25 से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।

# टावर पर काम करते वक्त नीचे गिरा मजदूर, गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनेहरा में बिजली के टावर पर काम करते वक्त एक मजदूर का पैर फिसलने से वह काफी ऊंचाई से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके पैर में गंभीर चोट आई। आसपास काम कर रहे मजदूर तत्काल घायल को लेकर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार किया जाकर गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रायसेन के लिए रेफर किया गया है।

टावर से नीचे गिरने पर श्रमिक जमरुल हक आयु 26 वर्ष निवासी कलकत्ता मालदा टाउन के शरीर में तो चोटें आई हैं, लेकिन पर में गंभीर फ्रैक्चर आया है। यह तो अच्छा रहा की जब मजदूर नीचे गिरा वह खेत की मिट्टी पर गिरा अन्यथा गंभीर घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# डॉ.राधाकृष्णान हासे स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन




प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन श्रीमती संगीता यादव के निर्देशन एवं द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजीव रॉव गौतम की उपस्थिति में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डॉ राधाकृष्णन मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, रायसेन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीष श्री राजीव रॉव गौतम द्वारा मूल अधिकार व मूल कर्तव्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मूल अधिकार वह अधिकार होते है, जो हमें जन्म से प्राप्त होते है और मूल कर्तव्य वह है जिसका पालन हमें करना चाहिए। मूल अधिकार व मूल कर्तव्य में मुख्य अंतर यह है कि मूल अधिकारों को कोई छीन नहीं सकता। यही उद्देश्य रखकर संविधान में मूल कर्तव्यों का समावेश भी किया गया है। भारतीय संविधान द्वारा भारत के नागरिकों को विधि के समक्ष समता, लोक नियोजन विषय में अवसर की समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्राण अथवा आजादी की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता आदि के संबंध में मौलिक अधिकार प्रदान किये गये है। साथ ही मौलिक अधिकारों के साथ-साथ भारतीय संविधान के भाग 4 में मौलिक कर्तव्यों का भी प्रावधान है। हमें अपने मूल अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।

### पति-पत्नी में नहीं था कोई विवाद, समझाईश के बाद लौटी ससुराल

# सास ने अपनी बहु की मां को गिनाई शिकायत भड़की समधन ने ससुराल भेजने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶रायसेन



कई बार बिना किसी बड़ी वजह के ही दाम्पत्य जीवन में कलह पड़ जाती है। ऐसा ही एक मामला परिवार परामर्श केन्द्र में आया, जिसमें पति-पत्नी में कोई विवाद नहीं था, लेकिन उनके रिश्ते में खटास पड़ गई। सास ने बहू के कामकाम की कमियां गिनाते हुए उसकी मां से शिकायत कर दी। इस बात से बहू की मां इतनी नाराज हो गई कि उसे ससुराल भेजने से ही मना कर दिया। हालांकि पति-पत्नी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विवाद को खत्म करके आपसी सहमति से राजीनामा कर लिया।

मंगलवार को परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक में करीब 8 प्रकरण सुनावाई के लिए रखे गए थे। जिसमें से 4 निराकृत किए गए हैं। एक प्रकरण में पति ने आवेदन देकर शिकायत की थी कि उसके ससुराल वाले पत्नी को नहीं भेज रहे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद सामने आया कि पति-पत्नी को एक-दूसरे के साथ रहना चाहते है, उनके बीच कोई झगड़ा भी नहीं हुआ। दरअसल सास ने बहू की मां से फोन पर चर्चा में शिकायत करते हुए कह दिया की उनकी बेटी को कोई काम ठीक से नहीं आता।

इससे मामला इतना बिगड़ गया कि दानों समधनों में विवाद को गया और बहू को उसकी मां ने मायके में ही रख लिया। हालांकि दोनों पति-पत्नी की सूझबूझ से विवाद शांत हुआ। परिजनों को समझाकर उन्होंने परिवार परामर्श केन्द्र में एक साथ रहने की सहमति दी। दोनों को बधाई के साथ विदा किया गया।

### हर मंगलवार होती है बैठक

उल्लेखनीय है कि एसपी विकास शहवाल के निर्देशन में हर मंगलवार को एसडीओपी कार्यालय में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से पारिवारिक विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास किया जाता है।

बैठक में एसडीओपी मोहन सारवान, अध्यक्ष कैलाश श्रीवास्तव, काउंसलर, अशोक गुप्ता एडवोकेट, चेतन राय, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण प्रसाद, गणेश रघुवंशी, आरक्षक लोकेंद्र मौर्य उपस्थित रहे।